an>

Title: Need to establish a Medical College in Buldhana Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में 13 तहसील आती हैं, और वहां एक भी शासकीय मेडिकल कॉलेज उपलब्ध नहीं है । इस क्षेत्र में अत्याधुनिक शासकीय स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध नहीं है । दिनांक 22.05.2018 को माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय महाराष्ट्र में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज शुरू करने हेतु प्राथमिक जांच पड़ताल के लिए समिति का गठन करते हुए आदेशित किया था ।...(व्यवधान) तदुपरांत समिति ने दिनांक 08.06.2018 को बुलढाणा में आकर बैठक की और उसके बाद उन्होंने छ: आरोग्यधाम महिला बाल चिकित्सालय आदि जगहों का निरीक्षण किया । नीति आयोग की 15 जून की बैठक में भी बुलढाणा में मेडिकल कॉलेज शुरू करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन आज तक मेडिकल कॉलेज का कार्य आरंभ नहीं हो सका है ।...(व्यवधान)

अत: आपसे निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में अतिशीघ्र मेडिकल कॉलेज खुलवाने की कृपा करें । धन्यवाद ।

DR. M. K. VISHNU PRASAD (ARANI): Government hospitals are taking care of the patients …(*Interruptions*) Medicines are being given …(*Interruptions*). Sir, I will take the call next.

माननीय अध्यक्ष: आप अपने ही माननीय सदस्य को बोलने नहीं दे रहे हैं । कुमारी रम्या हरिदास, आप सीट पर जाइए और महत्वपूर्ण विषय को उठाइए ।

…(व्यवधान)